卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 57 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦4 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
50% Off On Making Charges
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## रामनगर में दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद बवाल, पथराव और आगजनी

रामनगर(उद संवाददाता)।रविवार देर रात ग्राम पीरुमदारा अंतर्गत हिम्मतपुर ब्लॉक क्षेत्र में दो पक्षों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर हुई जमकर वाहन क्षतिग्रस्त कर दिये गए। मौके पर रखे एक पुराल के ढेर में भी आग लगा दी गई। जिससे एक ट्रैक्टर ट्राली इसकी चपेट में आ गई। घटना की जानकारी लेकिन दोनों पक्षों की ओर से बढ़ते तनाव को देखते हुए आस-पास के थानों की पुलिस फोर्स भी मौके पर बुलानी पड़ी। तनाव के चलते पुलिस ने पूरे गांव को




मारपीट में कई लोग घायल हो गए। मामला इतना बिगड़ गया कि मौके पर अफरा तफरी का माहौल बनने के साथ ही कुछ वाहनों पर पथराव के बाद यह मिलने पर सीओ बलजीत सिंह भाकुनी, कोतवाल अरुण कुमार सैनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामले को शांत करने का प्रयास किया छावनी में तब्दील कर दिया है। घटना के बाद कुछ कुछ लोग ने मामले को सांप्रदायिक बनाने का भी प्रयास किया। घटना के बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार नौवी के छात्र की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार भूतबंगला निवासी 17 वर्षीय मोहसिन पुत्र इरशाद नौंवी का छात्र था। बीती शाम वह अपने दोस्त आसिब के साथ बिलासपुर टांडा शादी में जा रहा था। दोनों स्कूटी पर सवार होकर घर से निकले थे यूपी बार्डर पर सोहराब होटल के पास दोनों लघुशंका के लिए रूके थे। मोहासिन स्कूटी पर ही बैठा था जबकि आसिब लघुशंका के लिए सड़क किनारे गया था तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे में मोहसिन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। मोहसिन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बरेली ले जाया जा रहा था, रास्ते में बहेड़ी के पास उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## पेराई सत्र शुरू नहीं होने पर भड़के किसान

किच्छा(उद संवाददाता)। चीनी मिल का पेराई सत्र प्रारंभ करने की मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों ने किच्छा चीनी मिल के प्रशासनिक भवन के सम्मुख धरना दिया तथा मिल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि चीनी मिल प्रशासन की लापरवाही के कारण बीस हजार करोड रुपए की गेहूं बुवाई का काम नहीं कर पाए हैं।किसानों ने आरोप लगाया कि चीनी मिल का पेराई सत्र प्रबंधन की लेट लतीफी के कारण शुरू नहीं हो पाया है। किसानों का कहना था कि चीनी मिल अक्टूबर के दूसरे सप्ताह के भीतर ही चालू कर दी जानी चाहिए थी किंतु मिल प्रबंधन तंत्र की लापरवाही के कारण दो महीना विलंब हो चुका है। किसान अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है। उसकी गन्ने की अंतिम कटाई वाले खेतों में गेहूं की बुवाई भी लेट हो गई है जिस वजह से किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की एकमात्र चीनी मिल का पेराई सत्र अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है जिस वजह से किसने की गन्ने की फसल खेतों में खड़ी हुई है जबकि पेराई सत्र का आधा समय समाप्त होने के कगार पर है।किसान नेता संजीव सिंह ने कहा कि चीनी मिल प्रबंधन तंत्र उन्हें विगत कई महीनो से गुमराह किए हुए है। मिल के पेराई सत्र का (शेष पृष्ठ सात पर)



## मौसेरा भाई निकला अमित का हत्यारा

### ब्लाइंड मर्डर केस का पुलिस ने किया खुलासा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बीते दिनों हल्द्वानी के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में हुए ब्लाइंड मर्डर केस का पुलिस ने 9 दिन बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाले मौसेरे भाई को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दें हल्द्वानी के ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र में कत्था फैक्टरी के पास पिता की दुकान संभाल रहे 30 वर्षीय अमित कश्यप पुत्र सुमेर कश्यप पर 26 नवंबर को अचानक अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। (शेष पृष्ठ सात पर)




## विरोध करने वाली महिलाओं को नशा माफिया दे रहे धमकी

### विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में बीते दिनों शराब माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली महिलाओं को अब धमकियां मिल रही है। इसके विरोध में कालोनी की महिलाओं ने आज एसएसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और एसएसपी से मामले में सख्त कार्रवाई करने और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। बता दें आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में अवैध शराब के बढ़ते कारोबार के चलते महिलाओं ने शराब माफियाओं के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था जिसके बाद विधायक शिव अरोरा ने मौके पर पहुंचकर खुद पुलिस के साथ अभियान चलाकर भारी मात्रा में घरों से शराब बरामद की थी। इसके बाद पुलिस और आबकारी विभाग ने भी बस्ती में अभियान चलाकर कई (शेष पृष्ठ सात पर)



## पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता सेनानी पंड़ित शुक्ल को किया नमन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आजादी की लड़ाई एवं तराई को बसाने में पंडित राम सुमेर शुक्ल का योगदान नहीं भुलाया जा सकता। उक्त वक्तव्य तराई के संस्थापक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित राम सुमेर शुक्ल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि देते हुए जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने व्यक्त किये। तराई के संस्थापक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित राम सुमेर शुक्ल जी की 40वी पुण्यतिथि के अवसर पर जिलाधिकारी उदय राज सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, उपजिलाधिकारी किच्छा कौस्तुभ मिश्रा, नगर आयुक्त नरेश दुरगापाल ने सैकड़ो लोगों के साथ उनकी प्रतिमा स्थल निकट बस स्टैंड पर उनकी पंडित रामसुमेर शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर अपनी श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कहा कि देश की आजादी के संग्राम में प्रखर सेनानी पं राम सुमेर शुक्ल ने आजादी के बाद तराई को बसाने का महान कार्य किया। लाहौर अधिवेशन में जिन्ना के द्विराष्ट्रवाद का खुले मंच से विरोध कर छात्रों के अंदर राष्ट्रवाद का अलख जगाने का कार्य किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि तराई के संस्थापक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित राम सुमेर शुक्ल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे एवं 1944 से 46 में अखिल भारतीय (शेष पृष्ठ सात पर)





# राजस्थान और एमपी में धामी का धमाल, खिला कमल

## उत्तराखंड के सीएम धामी ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में की थी कई सीटों पर जनसभाएं और रोड शो

देहरादून(उद ब्यूरो)। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में तीन बड़े राज्यों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा बरकरार रहा और वहां की जनता ने भगवा के पक्ष में अपना मतदान कर भाजपा पर अपनी आस्था जताई है। विधानसभा चुनाव के दौरान राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा के दिग्गजों के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने भी कई स्थानों पर जनसभाई की थी। वहीं भाजपा के स्टार प्रचारक की भूमिका में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जिन 9 विधानसभा सीटों पर जन प्रचार किया था, वह सभी भाजपा की झोली में आई। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जलवा अब दूसरे राज्यों में भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने राजस्थान और मध्य प्रदेश की कुल 9 विधानसभा सीटों पर धुआंधार प्रचार किया था जिनमें से सभी सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। वह एक दिन में तीन-तीन जनसभाओं को संबोधित करते थे। उनके कई रोड शो भी हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों में सबसे युवा मुख्यमंत्रियों में से एक हैं। अपने जनहित से जुड़े कार्यों और धाकड़ फैसलों की वजह से मातृशक्ति और युवाओं के बीच उनकी खासी लोकप्रियता है। यही वजह है कि उत्तराखंड से बाहर अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों में भी उनकी काफी डिमांड रहती है। राजस्थान और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा हाईकमान ने कई विधानसभा क्षेत्रों में धामी की जनसभाएं और रोड शो करवाए। उनके हर कार्यक्रम में बड़ी तादाद में भीड़ जुटी। राजस्थान में उन्हानें 6 विधानसभा क्षेत्रों सांगानेर, झोटवाड़ा, विराटनगर, सांगोद, रामगंज मंडी और डग विधानसभा सीटों पर धुआंधार प्रचार किया था। जनसभाओं के अलावा उन्होंने समाज के किसान और व्यापारी वर्ग से सीधा संवाद भी कायम किया था। उनके रोड शो भी सफल रहे। इन छह विधानसभाओं में भाजपा को शानदार जीत हासिल हुई है। इस जीत में धामी की मौजूदगी भी एक बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। सांगानेर से भजना लाल शर्मा, झोटवाड़ा सीट से राज्यवर्धन राठौर, विराटनगर से कुलदीप, सांगोद से हीरालाल नागर, रामगंज मंडी से मदन दिलावर और डग से कालूराम को विजय




प्राप्त हुई। मध्य प्रदेश में भी पुष्कर सिंह धामी ने तीन विधानसभा सीटों के कई स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में भी उन्होंने प्रतिभाग किया। उन्हें ऐसी विधानसभा सीटों पर प्रचार में उतारा गया जहां उत्तराखण्ड मूल के लोगों की संख्या अधिक है। मध्य प्रदेश में जिन तीन विधानसभा सीटों पर धामी ने चुनाव प्रचार किया उनमें इंदौर-2, खुरई और सागर विधानसभा सीटें शामिल हैं। जिनमें क्रमशः भाजपा प्रतयाशी रमेश मेंदोला, भूपेन्द्र सिंह और शैलेन्द्र कुमार जैन को जीत मिली।दरअसल, पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्यमंत्री अभी तक के अपने लगभग ढाई वर्ष के कार्यकाल में जनहित में कई साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। जिनमें नकल विरोधी कानून, सख्त धर्मांतरण कानून लागू करना शामिल हैं। इसके अलावा जमीन जिहाद के खिलाफ चलाया गया उनका बुल्डोजर पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इतना ही नहीं समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर उनके द्वारा प्रदेश में की गई ठोस पहल को भी समूचे देश में सराहना मिली है। विस्तार ले रही रही उनकी लोकप्रियता की वजह से अन्य प्रदेशों के चुनाव में भी उनकी डिमांड बढ़ी है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व और विकास की गारंटी पर जनता का पूरा भरोसा : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व और मार्गदर्शन विकास की गारंटी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में जनता ने अपने मन की बात बता दी है। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में फिर से दिल्ली में भाजपा की सरकार आने वाली है। मुख्यमंत्री ने रविवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली जीत की खुशी में आयोजित जश्न के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा दोबारा सत्ता में आई है, यह सुशासन की जीत है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जनता ने तुष्टीकरण, परिवारवाद व सनातन विरोधियों के विरुद्ध मत दिया है। उन्होंने तीनों राज्यों में भाजपा की सरकार बनने पर पार्टी के केंद्रीय व प्रांतीय नेतृत्व को शुभकामनाएं देने के साथ ही इन राज्यों की जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में भी भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने सेमीफाइनल जीता है। साथ ही जनता ने फाइनल चुनाव के परिणाम की तरफ भी इशारा कर दिया है।

# जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ : महेंद्र भट्ट

## तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मनाया जश्न, पीएम मोदी का होगा स्वागत

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि तीन राज्यों की जीत प्रधानमंत्री मोदी के विकास के मंत्र और जनता के विश्वास की जीत है। जनता ने जातिवाद की राजनीति को नकारकर विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में पार्टी के बढ़े मत प्रतिशत से साफ हो गया है कि दक्षिण भारत में भी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक कमल खिलाने की शुरुआत हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राज्य से विशेष लगाव है और यहां के धार्मिक स्थलों में आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। जनता का आशीर्वाद भी भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में जीत के बाद प्रधानमंत्री पहली बार आठ दिसंबर को वैश्विक निवेशक सम्मेलन में उत्तराखंड आ रहे हैं। पार्टी उनका भव्य स्वागत करेगी। तीन राज्यों में मिली जीत की खुशी में प्रदेश भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर पार्टी कार्यकर्ता जमकर थिरके। साथ ही एक-दूसरे को मिष्ठान वितरित कर



शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भट्ट के अलावा राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजानदास, उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, पूर्व महापौर सुनील उनियाल गामा, दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला, भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, मुकेश कोली, आदित्य चौहान, विनोद सुयाल, राजेंद्र नेगी, संजीव वर्मा, सुनीता विद्यार्थी समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए । पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा, सीएम के रूप में धामी अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे हैं। करीब ढाई साल के अपने कार्यकाल में उन्होंने जनहित में नकल विरोधी कानून, सख्त धर्मांतरण कानून जैसे कई साहसिक- ऐतिहासिक फैसले लिए। इसके अलावा जमीन जेहाद के खिलाफ चलाया गया उनका बुलडोजर अभियान देशभर में चर्चा का विषय बना। प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर उनके द्वारा की गई ठोस पहल को भी समूचे देश में सराहा गया है। हरिद्वार सांसद और पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत को सुखद बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा, विकास का विजन और कार्यकर्ताओं की एकजुटता का परिणाम करार दिया। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ की जीत भारतीय राजनीति के लिए बड़ा संदेश है। यह संदेश साफ है कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के उत्थान और उसे सर्वोच्च राष्ट्र बनाने के संकल्पों व कार्ययोजनाओं के साथ खड़ी है।

# मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को हारा हुआ मान रही थी भाजपा !

## कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा : आखिर जनता के मुद्दों क्या हुआ?

देहरादून(उद संवाददाता)। चार राज्यों के चुनावी नतीजों पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता हरीश रावत ने अपनी प्रतिकिया व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा है कि चुनावों में हार-जीत एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, एक सजग राजनैतिक दल जीत का भी गहराई से विश्लेषण करता है और पराजय का भी, हम भी करेंगे। हम तेलंगाना जीते, तेलंगाना के लोगों का बहुत-बहुत आभार, तेलंगाना कांग्रेस को बहुत बधाइयां। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ हमारी अप्रत्याशित हार है। मध्य प्रदेश पहले से ही कांग्रेस के साथ खड़ा दिखाई दे रहा था, चुनाव के नतीजे कुछ और कह रहे हैं, कोई एक योजना इतना बड़ा निर्णायक असर नहीं डाल सकती है। छत्तीसगढ़ में हम कितनी भी गलतियां करते तो भी कांटे की टक्कर में हमको सरकार बनाने लायक बहुमत मिलना चाहिए था, जो नहीं मिल पाया। भाजपा प्रारंभ से ही छत्तीसगढ़ को हारा हुआ मान रही थी, विश्लेषक भी यही कह रहे थे। एक अच्छी जन परक सरकार पांच साल देने



के बाद जो नतीजे आये उससे हम तो निराश हैं ही हैं, एक अच्छे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी भी अवश्य बहुत गहरे निराश होंगे। राजस्थान में हमने स्थिति सुधारी लेकिन जिस तरीके से कांग्रेस की चिरंजीवी जैसी अनेक जन परक योजनाएं प्रारंभ हुई। हमें पूरा विश्वास था कि हम राजस्थान जीतेंगे, राजस्थान में स्थिति सुधरी लेकिन हम जीत के नजदीक नहीं पहुंच पाये। लेकिन इन तीनों चुनावों के निष्कर्ष ने एक सवाल बड़ा भारी खड़ा कर दिया है! आखिर इस देश में जनता का मुद्दा है क्या ? महंगाई जो चरम पर है, हर घर का बजट गड़बड़ाया हुआ है। बेरोजगारी, दुनिया में सर्वाधिक बेरोजगारी की वृद्धि दर इस समय भारत में है। मध्य प्रदेश भी उसका कोई अपवाद नहीं है। भ्रष्टाचार यद्यपि भाजपा ने शिष्टाचार में बदल दिया है, लेकिन फिर भी भ्रष्टाचार से आमजन त्रस्त है। किसानों के सवाल कहां खो गये हैं? मजदूरों के सवाल कहां खो गये हैं? क्या उनकी नाराजगियां यूं ही यदा-कदा सड़कों पर दिखाई देती हैं या वास्तव में वो नाराज हैं, अब बहुत सारे प्रश्न मेरे दिमाग में उमड़-घुमड़ रहे हैं ! मैं अपने मन के इन प्रश्नों को आपसे साझा कर रहा हूं। विजेता तो विजेता है! विजेता घोषित करने का अधिकार चुनाव आयोग को है और उन्होंने एक प्रक्रिया के तहत अपने इस दायित्व को अंजाम दिया है। मैं इस बात को लेकर अधिक कुछ नहीं कहूंगा, मगर इतना अवश्य कहूंगा कि विपक्ष को और उसमें मुख्यत: कांग्रेस को आद्योपांत अपनी चुनावी रणनीति और चुनावी मशीनरी के स्वरूप पर विचार कर अपने को अगले एक महीने के अंदर 2024 के चुनाव के लिए तैयार करना पड़ेगा और हम अपने को तैयार करेंगे।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मेलन की व्यवस्थायें शीघ्र करें : सीएम







देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी 8 और 9 दिसम्बर को देहरादून में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि आयोजन से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिट राज्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। अभी तक आयोजित विभिन्न रोड शो में लगभग ढ़ाई लाख करोड़ के करार हो चुके हैं। करारों की ग्राउंडिंग की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। युवाओं को रोजगार मिले, इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का पूरा मार्गदर्शन मिल रहा है। उनके वाइब्रेंट गुजरात से प्रेरणा लेकर राज्य में डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड को आगे बढ़या जा रहा है। आठ और नौ दिसंबर को फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफआरआई) देहरादून में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट डेस्टिनेशन उत्तराखंड की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एयरपोर्ट से लेकर आयोजन स्थल तक तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही कार्य में जुटे लोगों से मुलाकात भी की। रविवार को निरीक्षण कर सीएम धामी ने अधिकारियों को शीघ्र ही सभी तैयारियां पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि यह समिट राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कहा कि जिन निवेश प्रस्तावों में रोजगार की संभावनाएं अधिक हैं, राज्य सरकार की ओर से ऐसे निवेश प्रस्तावों को शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट डेस्टिनेशन उत्तराखंड के लिए पीएम मोदी का मार्गदर्शन मिल रहा है। उनके वाइब्रेंट गुजरात से प्रेरणा लेकर राज्य में डेस्टिनेशन उत्तराखंड को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस इंवेस्टर्स से राज्य में निवेश बढ़ेगा। साथ ही राज्य की आर्थिकी मजबूत होगी और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस मौके पर सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, डॉ. पंकज कुमार पांडे, सचिव व गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे, डीएम देहरादून सोनिका, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून अजय सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# अनियंत्रित टैंपो ट्रैवलर खाई में गिरा, दो युवतियों की मौत

**नोएडा से 21 लोगों का दल नैनीताल घूमने आया था, हादसे में घायलों को भेजा अस्पताल**





नैनीताल। नैनीताल मार्ग में रविवार शाम प्रिया बैंड के पास एक टेंपो ट्रैवल अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट कर खाई की ओर जा घुसी। डिवाइडर की वजह से गाड़ी खाई में जाने से बच गई। हादसे में गाड़ी के नीचे दबने से दो युवतियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी काट कर शवों को बाहर निकाला। गाड़ी में चालक समेत 22 लोग सवार थे। घायलों को आपात सेवा 108 से सीएचसी कालाढूंगी भिजवाया गया। नोएडा (यूपी) के सेक्टर 126 में स्थित एचसीएल कंपनी में कार्यरत 21 लोगों का दल बीते शनिवार को नैनीताल घूमने आया था। दल में 14 लड़के और सात लड़कियां शामिल थीं। रविवार को वापस लौटते समय शाम करीब साढ़े पांच बजे उनकी ट्रेंपो ट्रैवल कालाढूंगी से करीब छह किमी पहले प्रिया बैंड के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। चालक उमेश कुमार पुत्र सुरेश चंद्र निवासी राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद ने बताया कि ब्रेक फेल होने की वजह से गाड़ी पलटी। इस हादसे में सयोनी दुबे (28) और जया साखियां (23) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के शव गाड़ी के अंदर ही बुरी तरह से कुचल गए। पुलिस ने गाड़ी काट कर शव बाहर निकले। इस हादसे में शिखा, आर्यन, छवि, प्राची, मुस्कान, सागर, प्रियांशु, गणेश, विशाल, बॉबी, दीपक, विष्णु, पारस, पवन, सुमित मुकेश, आदर्श और अभिनव घायल हो गए। एसओ नंदन रावत ने बताया कि घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है। मृतकों के शवों को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि, 25 नवंबर को भी नैनीताल–कोटाबाग ब्लॉक में बाघनी पुल के पास एक दिल्ली के नंबर की कार 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई थी। हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। इससे पहले 17 नवंबर को नैनीताल के ओखलकांडा ब्लॉक के छीड़ाखान– रीठासाहिब मोटर मार्ग में एक टैक्सी वाहन के खाई में गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई। साथ ही दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हादसे के वक्त वाहन में 11 लोग सवार थे।

# खुकरी से हमला करने के आरोपी पूर्व फौजी को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर के डहरिया क्षेत्र में आयोजित एक विवाह समारोह में खुकरी चलाने के आरोपी रिटायर्ड फौजी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आशीष सिंह निवासी जस गोविन्द स्कूल हल्द्वानी, जनपद नैनीताल ने कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर दी कि एक व्यक्ति ने उसे उसके परिवार पर खुकरी से हमला कर दिया। तहरीर के आधार पर कोतवाली हल्द्वानी में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने स्वत: संज्ञान लेकर प्रकरण के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु



संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जिस पर कोतवाल हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी की जांच की एवं सूचनाएं एकत्र कर मामले में आरोपी को रिटायर्ड फौजी अजय सिंह सिराड़ी पुत्र स्व0 दीवान सिंह सिराड़ी निवासी शिव विहार कालोनी डहरिया को घटना में प्रयुक्त खुकरी सहित टी०पी०नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मामले में वादी अपने परिवार के साथ ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र के डहरिया स्थित शिव विहार में अपने साले के विवाह समारोह में गया था। समारोह के दौरान आरोपी व्यक्ति भी उपस्थित था। दोनों पक्षों में पूर्व से ही रंजिश रही है। रंजिश होने के कारण दोनों पक्षों में स्कूटी पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बीच में आरोपी ने गुस्से में आकर खुकरी से वादी और उसके परिवार पर हमला कर दिया।उप निरीक्षक सुशील जोशी, उपनिरीक्षक त्रिभुवन सिंह, कांस्टेबल तारा सिंह आदि भी शामिल थे।

# कस्तूरी और दांतों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

चमोली(उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक चमोली श्रीमती रेखा यादव के सभी थाना प्रभारियों एवं एसओजी प्रभारी को मादक पदार्थो के तस्करों पर नकेल कसने के अतिरिक्त वन्य जीवों के अंगों की तस्करी करने वालों पर सर्तक दृष्टि रखते हुए अपराध को अंजाम देने वालों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही के निर्देश पर सभी प्रभारियों द्वारा लगातार चौकिंग एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुए संदिग्धों पर सर्तक नजर रखी जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित सैनी व पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह के पर्यवेक्षण में वन्य जीव जन्तुओं की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान को सफल बनाते हुए गत दिवस एसओजी चमोली व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त भरत सिंह पुत्र पदम सिंह नि0 ग्राम प्राणमती पोस्ट कनोल थाना नंदानगर घाट जिला चमोली उम्र 36 वर्ष को कस्तूरी मृग (नर मस्क डियर) की कस्तूरा -1, वजन कुल 39.85 ग्राम, कस्तूरा मृग (नर मस्क डियर) के दांत -1, वजन कुल 4.22 ग्राम व



अभियुक्त खीम सिंह पुत्र हयात सिंह दानू नि0 ग्राम प्राणमती पोस्ट कनोल थाना नंदानगर घाट जिला चमोली उम्र 36 वर्ष को कस्तूरा मृग (नर मस्क डियर) के कस्तूरा - 1, वजन कुल 40.27 ग्राम व कस्तूरा मृग (नर मस्क डियर) के दांत 1, वजन कुल 3.88 ग्राम के साथ बस स्टैण्ड कर्णप्रयाग के पास से जनपद से बाहर ऋषिकेश जाने से पहले धर दबोचा लिया। जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 05 लाख है। वन दरोगा विजय सिंह नेगी द्वारा उक्त की जांच कर कस्तूरी मृग की कस्तूरा व दांत होना बताया। अभियुक्तों से पूछताछ पर बताया गया कि वह वाण कनोल के जंगल में फांस लगाकर नर हिरन कस्तूरी मृग का शिकार करते थे और महंगे दामों पर बेचते थे। जंगल में और कस्तूरी मृग को मार कर छिपा के रखने की जानकारी देने पर नंदप्रयाग वन रेंज के अधिकारी गणों द्वारा पूछताछ की जा रही है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आधार पर कोतवाली कर्णप्रयाग में मु0अ0सं0–54/2023 धारा–2/9//50/51 वन्य जीव जन्तु संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में उप0नि0 नवनीत भंडारी( प्रभारी एसओजी) कां0 सलमान (एसओजी) कां0 रविकांत(एसओजी) कां0 राजेन्द्र (एसओजी)वन दरोगा विजय सिंह नेगी (नन्दप्रयाग रेंज) वन आरक्षी रमेश सिंह (नन्दप्रयाग रेंज)शामिल रहे।

# कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में कच्ची शराब के एक और कारोबारी को दबोच कर सलाखों के पीछे कर दिया। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही से कच्ची शराब के कारोबारी में भारी हड़कंप मचा है। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी विनोद जोशी को पिछले कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि जगतपुर के जंगल में कुछ लोग कानून की आंख में धूल झोंककर अवैध कच्ची शराब की कसीदगी में लिप्त है। इसी सूचना पर हरकत में आए चौकी प्रभारी ने कांस्टेबल मुकेश कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों की मदद से उक्त स्थान पर छापामार कार्यवाही करते हुए वहां से एक कारोबारी को दबोच कर उसके कब्जे से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए शराब कारोबारी ने अपना नाम राज कॉलोनी जगतपुर कुंडेश्वरी निवासी सूरज पुत्र बाबूराम बताया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से कच्ची शराब की भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में लहन नष्ट करते शराब बनाने के उपकरण ड्रम पाइप पतीला आदि कब्जे में ले लिया।



# मोदी की गारंटी जनता ने लगाई मुहर:सुरेश भट्ट

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद की उपाध्यक्ष श्री सुरेश भट्ट ने मध्य प्रदेश राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए तीनों राज्यों के पार्टी पदाधिकारी व मतदाताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री भट्ट ने कहा कि राज्यों के चुनाव में भाजपा की जीत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र की पारदर्शी और विकास के प्रति संकल्पित सरकार की नीतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इसी तरह आगामी लोकसभा चुनाव में भी देश की जनता पुन: प्रधानमंत्री जी को देश की सेवा का मौका देगी और इन राज्यों के चुनाव के नतीजे भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों करोड़ों कार्यकर्ताओं को सकारात्मक ऊर्जा देंगे।

# मोदी की नीतियों से जनता संतुष्ट: प्रकाश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने कहा कि भाजपा की तीन राज्यों में एक तरफा जीत और तेलंगाना में लगातार बढ़ता पार्टी का जनाधार यह साबित करता है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की विकास की नीतियों से खुश है एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल होने वाला है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अब पता चल गया होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसके लिये पनौती है। देश में सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

# भाजपा की जीत पर बांटी मिठाई

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। भाजपा के पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौराहे पर ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी करने के साथ कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता ने फिर मोहर लगा दी है। नरेंद्र मोदी के विकास की जीत है। जनता ने कांग्रेस के लुभावने वादों को नकारा कर भाजपा को बहुमत दिया है। पूरे देश का रुझान भाजपा की ओर बढ़ रहा है आगामी चुनाव में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। इस मौके पर इंद्रपाल सिंह मान, उमेश अग्रवाल, केडी गहतोड़ी, ओम नारायण राणा, ध्रुव राणा, धर्म सिंह बिष्ट, जगदीश जोशी, विशाल गोयल, प्रमोद अग्रवाल, गौरव वर्मा, सुमित जोशी, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तीन राज्यों में प्रचंड विजय पर मनाया जश्न

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद ,नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की प्रचंड जीत की खुशी में आज मुख्य बाजार में मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की । भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया ।इस दौश्रान उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है और जनता विश्वास भाजपा के प्रति लगातार बढ़ रहा है। इस मौके पर सुरेश खुराना ,अनिल जेटली ,अभिषेक वर्मा ,सतीश छाबरा ,हर्षपाल बंटी,मनोज कक्कड़, अनिल जी, कविंद्र सैनी, प्रवीण, राकेश चावला ,राकेश गुंबर, पंकज सेतिया ,समन मुंजाल,सुभाष खुराना, कुणाल रस्तोगी आदि शामिल थे ।



अडिग रहे झंझावातों में, थे कहते जिनको शेर ! भारत मां के अमर सपूत, वो पंडित राम सुमेर !!

# तराई के संस्थापक एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 पं0 रामसुमेर शुक्ल जी की 46वीं पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन!





## संक्षिप्त जीवन परिचय

प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम सुमेर शुक्ल जी का जन्म ग्राम भेड़ी (शुक्ल) तहसील रुद्रपुर जिला देवरिया (तत्कालीन जिला गोरखपुर) उत्तर प्रदेश में दिनांक 28 / 11 / 1915 को हुआ था। उनके पिता श्री राम नक्षत्र शुक्ला व माता छविराजी देवी थी। पंडित राम सुमेर शुक्ल जी के पिता का रंगून (म्यांमार) वर्मा में व्यवसाय था, अतः उनकी प्रारंभिक शिक्षा कैंब्रिज विद्यालय रंगून में हुई थी। यहां से उन्होंने कक्षा 8 तक शिक्षा ग्रहण की थी, तत्पश्चात कक्षा 10 तक गोरखपुर के सेंट एंड्रयूज कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे वाराणसी चले गए जहां से इंटरमीडिएट एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने कानून की डिग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की थी।

पंडित राम सुमेर शुक्ल जी वाराणसी में अध्ययन करने के समय से ही छात्र राजनीति में रुचि लेने लगे थे तथा 1936 में लाहौर अधिवेशन में मात्र 21 वर्ष की आयु में उन्होंने जिन्ना के द्विराष्ट्रवाद का खुले मंच से विरोध किया था तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई थी। श्री शुक्ल महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर वकालत न करने का निश्चय कर स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय हो गए तथा तीन बार जेल भी गए। नैनी जेल इलाहाबाद व फतेहगढ़ जेल में वे नजरबंदी कैदी के रूप में अनेक माह तक घोर यातनाएं सही।


श्री शुक्ल को छात्र एवं युवा कांग्रेस के देश भर से आए हुए संपूर्ण भारत राष्ट्र के 485 प्रतिनिधियों के दिल्ली अधिवेशन में 31 / 12 / 1945 को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उक्त अधिवेशन का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू जी द्वारा किया गया था। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर छात्र एवं युवा शक्ति को आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु संगठित करने में काफी परिश्रम किया तथा अंग्रेजों भारत छोड़ो के विरुद्ध छात्र क्रांति का राष्ट्रीय स्तर पर कुशलता पूर्वक नेतृत्व किया।


स्वतंत्रता के बाद जब वे इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे थे तथा नवसृजित देवरिया जनपद के विकास में जिला परिषद के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे थे, उस समय उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी द्वारा उनको नैनीताल जनपद की तराई को बसाने की जिम्मेदारी देते हुए उन्हें तराई कॉलोनाइजेशन का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने तराई कॉलोनाइजेशन के महत्वपूर्ण कार्य में कठिन परिश्रम किया तथा पूर्वी एवं पश्चिमी पाकिस्तान से विस्थापन की त्रासदी झेल रहे शरणार्थियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों को बसाने में अपना राजनीतिक भविष्य भी दांव पर लगा दिया था। तराई को बसाने में अपने ऊपर हुए प्राण घातक हमले की परवाह न करते हुए जिस धैर्य, दृढ़ता एवं साहस से अपने दायित्व का निर्वहन किया वह 28 / 11 / 1959 को तत्कालीन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश स्वर्गीय डॉक्टर संपूर्णानंद द्वारा उनको लिखे गए पत्र में प्रदर्शित होता है। आज रुद्रपुर शहर का जो विकसित स्वरूप दिखाई देता है उसकी बुनियाद 1956 में इस नए बस रहे शहर के रुद्रपुर टाउन एरिया घोषित होने के समय उन्ही की अध्यक्षता में बनी चार सदस्य समिति द्वारा रखी गई। किसानों के हितों के संघर्ष में उनकी सक्रियता एवं रुचि को देखते हुए श्रद्धेय आचार्य पुरुषोत्तम दास टंडन (राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान कांग्रेस) ने उन्हें अपने साथ राष्ट्रीय महामंत्री बनाया था। नव स्वाधीन भारत की कृषि नीति बनाने में श्री शुक्ल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। श्री शीलभद्र याजी (राष्ट्रीय अध्यक्ष) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया था। 1972 में सेनानियों को पेंशन दिलाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से उन्होंने व्यापक विचार विमर्श किया था तथा जीवनभर सेनानियों के हितों के लिए संघर्ष किया।

स्वर्गीय पंडित राम सुमेर शुक्ल जी ने आमजन की समस्याओं को हल करने के लिए राष्ट्रीयव प्रांतीय स्तर पर आजीवन संघर्ष किया था। निरंतर संघर्षरत रहने के कारण उनका स्वास्थ्य खराब हो गया और 4.12.1978 को 63 वर्ष की आयु में रूद्रपुर (नैनीताल) संप्रति उधमसिंहनगर में उनका देहांत हुआ। नेहरू जन्म शताब्दी वर्ष 1989 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नैनीताल अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के अनुरूप उनके देशभक्ति व आजीवन संघर्ष, समर्पण व त्याग को देखते हुए उत्तराखंड सरकार द्वारा उनकी आदमकद प्रतिमा रुद्रपुर नगर में स्थापित की गई है। उनकी मृत्यु 4 दिसंबर 1978 के पश्चात समय– समय पर तत्कालीन सरकारों ने रुद्रपुर (उधमसिंहनगर) उत्तराखंड में उनके नाम पर मार्ग, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, उनकी आदमकद प्रतिमा एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा।


















# पं. राम सुमेर शुक्ला स्मृति न्यास ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड

याद करेगें सुबह और शाम! पंडित शुक्ला तुम्हें प्रणाम !!

A MEDIA SOLUTION INITIATIVE



अध्यक्ष
दिनेश शुक्ला

# पूर्व सांसद पासी ने पीलीभीत सीट से ठोकी ताल

## पीलीभीत-बहेड़ी संसदीय क्षेत्र में पिछले कई महीनों से सक्रिय हैं पूर्व सांसद बलराज पासी

पीलीभीत (उद ब्यूरो)। नैनीताल के पूर्व सांसद तथा उत्तराखंड में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त बलराज पासी इस बार पीलीभीत-बहेडी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के चुनावी दंगल में कूदने की तैयारी कर रहे हैं। कहा कि पार्टी का आदेश हुआ तो इस सीट पर चुनाव लड़कर पार्टी का परचम लहरायेंगे। यहां प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद बलराज पासी ने कहा कि पीलीभीत लोकसभा सीट से किसी सामान्य भाजपा कार्यकर्ता को भी टिकिट दे दिया जाए तो प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोकोपयोगी कार्यों के कारण वह चुनाव जीत जाएगा। बलराज पासी ने बताया कि वे 1991 से 96 तक बहेडी नैनीताल सीट से सांसद रहे। तीन बार उन्होंने लोकसभा का चुनाव लडा। तीनों बार उनका मुकाबला एनडी तिवारी से हुआ। उनका कहना था कि पीलीभीत संसदीय सीट के बहेडी में उनका एक-एक गांव घूमा हुआ है। वे वहां निरंतर सक्रिय रहे है। उन्होंने पीलीभीत से संबंधों की चर्चा करते हुए पूर्व सांसद डॉ.परशुराम गंगवार से अपने पारिवारिक रिश्तों की बात बताते हुए कहा कि पिछले सात माह से वे इस क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने भाजपा के छोटे से लेकर बडे कार्यकर्ता से भेंट की है। गांवों में जाकर कार्यकर्ताओं से भेंट की है। मोदी सरकार के कार्यकाल की चर्चा करते हुए बलराज पासी ने कहाकि पिछले दस वर्षों में जनहित के तमाम कार्य हुए है। आज ही प्रधानमंत्री ने दस हजारवे जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया है। वे पूरे देश में सस्ती दवाओं के ऐसे 25 हजार केंद्र खोलने के



लक्ष्य लेकर चल रहे है। जिससे आम जनता को सस्ती दवायें मिल सकें। उन्होंने कहाकि मोदी सरकार की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ गरीब मजदूर परिवारों को मिला है। देश में पंद्रह करोड से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार से पूर्व उत्तर प्रदेश से लोग पलायन करने लगे थे। उनके पास उत्तराखंड में उन के कई लोग आये और उन्होंने वहां बसने की बात की। सैकडों लोग वहां बस गए। इसके अलावा कई अन्य राज्यों में यहां के लोगों ने पलायन किया लेकिन जब से योगी सरकार आई है तब से पलायन रूका है तथा अब पलायन करने वाले वापस उप्र में आ रहे है। प्रदेश में बिजली पानी सडक और कानून की व्यवस्था में सुधार हुआ है। जब उनसे सवाल किया कि क्या पार्टी संगठन ने आपको यहां से प्रत्याशी बनाने का कोई आश्वासन दिया है, जो आप यहां से तैयारी कर रहे है। उनका कहना था कि प्रतीक्षा करें वे किसी के आदेश पर नहीं आये है। वरूण गांधी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहाकि भाजपा से जो प्रत्याशी यहां से जीते थे। उनका व्यवहार पार्टी और जनअनुकूल नहीं रहा है। वे जो नेतृत्व के प्रति बोलते है, वह ठीक नहीं है। वे जिस परिवार से हैं उस परिवार ने तीन प्रधानमंत्री देश को दिये हैं, उन्होंने उस गरिमा को बनाये रखने का भी प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहाकि मोदी की आलोचना करने से पूर्व उनके कार्यो का अध्ययन कर लेते तो ज्यादा अच्छा होता। उन्होंने दावा किया जिले के हर गांव में भाजपा कार्यकर्ता हैं, जो भी पार्टी का प्रत्याशी होगा उसे ही वे चुनाव लडायेंगे। जब उनसे सवाल किया कि वरूण गांध ी बुनियादी सवाल उठाते हैं, क्या यह पार्टी की विचारधार के विपरीत है। उनसे यह पूछा कि क्या पार्टी वरूण गांधी से किनारा कर रही है तो उनका कहना था कि पार्टी किसी भी कार्यकर्ता से किनारा नहीं करती। वरूण जी खुद किनारा करने में लगे हैं। उनका कहना था कि जिसे भी प्रत्याशी पार्टी बनायेगी वह चुनाव जीतेगा।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 300 मरीजों का चेकअप

महतोष मोड़/गदरपुर (उद संवाददाता)। अल्प संख्यक आयोग के निर्देशन में महाराजा अग्रसेन चिकित्सालय द्वारा जुल्फिकार अली के आवास पर निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का





आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि अल्प संख्यक कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्र अल्पसंख्यकों को मिले और जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ उठाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आयोग द्वारा समय समय पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी अल्पसंख्यक विकास की मुख्य धारा से जुड़े, सभी का चहुंमुखी विकास हो और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी का योगदान हो। उन्होंने कहा कि जनता आत्म निर्भर होगी तो निश्चित ही देश भी आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ दूरस्थ क्षेत्र की जनता को मिले और कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों का हक न मार सके, इसके लिए सभी को अपने अधिकारों तथा योजनाओं के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि शिविर में ऑपरेशन हेतु चिन्हित व्यक्तियों के ऑपरेशन हेतु रुद्रपुर आने जाने, भोजन तथा ऑपरेशन की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। नेत्र सर्जन डॉक्टर नूतन जैन ने बताया कि शिविर में 300 व्यक्तियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई वितरण किया गया तथा 19 व्यक्तियों को आंखों के ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया है। शिविर में शिविर में नेत्र सर्जन डॉ. नूतन जैन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन अग्रवाल, फिजिशियन डॉ.बलजीत कौर, जनरल सर्जन आरिफ, जुल्फिकार अली, नदीम अहमद, मोहम्मद वसीम, अकरम अली, आसिफ हुसैन, साजिद आदि थे।

# तीन राज्यों में जीत पर मिष्ठान वितरित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी कुमाऊँ संभाग कार्यालय हल्द्वानी में भाजपा की मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ मे प्रचंड बहुमत से सरकार बनने पर और तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर मिष्ठान वितरण किया गया और सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा को तीन राज्यों में प्रचंड जीत कि एक दूसरे



को बधाई दी। जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट द्वारा बताया गया की आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा शानदार और अभूतपूर्व विजय दर्ज करने जा रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, जोगिंदर रौतेला, अनिल कपूर डब्बू, प्रताप रैकवाल, प्रदीप बिष्ट, प्रकाश रावत, चंदन बिष्ट, विनीत अग्रवाल सहित सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से टैंपो और स्कूटी चालक घायल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अनियंत्रित कार ने टैपो और स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे दो लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। कार चालक नशे में था उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कार चालक नशे में जानकारी के अनुसार जजी कोर्ट के पास एक वैगनार कार के चालक ने नशे की हालत में वाहन को हल्द्वानी की तरफ से चलाते हुए डिवाइडर पार कर काठगोदाम से आ रहे ऑटो और स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें ऑटो चालक 38 वर्षीय राजेन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी बच्ची नगर नंबर दो कटघरिया गंभीर रूप से घायल हो गया तथा स्कूटी चालक 29 वर्षीय गौरव गोस्वामी पुत्र तेजनाथ गोस्वामी निवासी चांदमारी





गाठगोदाम को भी हाथ व पैर पर चोटें आई हैं। सूचना पर भोटिया पड़ाव चौकी इंचार्ज कुमकुम धानिक, उपनिरीक्षक संजय ध ोनी, का0 प्रकाश बडाल, का0 ललित ने मौके पर पहुँचकर तत्काल घायलों को कृष्णा अस्पताल पहुंचाया।कार चालक प्रकाश सिंह बिष्ट अपनी शादी की शॉपिंग हेतु हल्द्वानी आया था जो वापस अल्मोड़ा जा रहा था। नशे में वाहन दौड़ाकर उक्त कृत्य पर चालक का मेडिकल कराया गया जिसका नशे में होना पाया गया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मिष्ठान वितरण

सितारगंज(उद संवाददाता)। तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार जीत पर भाजपाइयों ने सितारगंज नगर के मुख्य चौक पर मिठाई बांटी। भाजपा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नारे लगाए । भाजपा कार्यकर्ता अरविंद चौरसिया व भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि तीनों राज्यों में हुई एकतरफा जीत ने साबित कर दिया है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और विकास योजनाओं से खुश है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा का 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित रूप से



पूरा होने वाला है। सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भाजपा प्रदेश कार्य कारिणी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा तीन राज्यों के चुनाव के नतीजे लोकसभा एवं आने वाले नगर पालिका चुनाव में भी जीत का संकेत हैं।

# जुआ खेलते दो जुआरी पकड़े

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने बनभूलपुरा क्षेत्र में जुआ खेल रहे 2 लोगों को हजारों की नगदी समेत गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा



के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान बनभूलपुरा क्षेत्रांतर्गत स्थित रेलवे बाजार में शराब भट्टी/आबकारी ऑफिस के पास वाली गली से जुआ खेल रहे 2 व्यक्तियों को 3,000 रुपए, सफेद रंग की प्लास्टिक पल्ली(कट्टा) और ताश की गड्डी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों ने अपने नाम मौ० इमरान पुत्र रजा अली निवासी लाईन नंबर-5, वार्ड नं0-21, थाना बनभूलपुरा और आमिर कुरैशी पुत्र महबूब कुरैशी निवासी गफूर बस्ती वार्ड नं0-24, थाना बनभूलपुरा बताये हैं। टीम में कांस्टेबल मुन्ना सिंह, मोहम्मद यासीन आदि शामिल थे।

# पेंचक सिलाट में उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों ने जीते 23 पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पटना बिहार में 23 नवंबर से 28 नवंबर तक संपन्न हुई सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में देवभूमि उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप में 3 गोल्ड 10 सिल्वर 10 ब्रोंज कुल 23 पदकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले तीन खिलाड़ियों में एक एडवोकेट परमजीत सिंह का पोता व एडवोकेट गुरदीप सिंह का पुत्र दिवागम जोत सिंह भी शामिल है। इसके अलावा स्वर्णपदक जीतने वाले खिलाड़ियों में हार्दिक ,शुभम शामिल है। रजत पदक विजेता खिलाड़ियों में तनीषा पटेल,अक्षरा जैन ,नैतिक कुमार,खुशी गोगिया,ऋद्धि,



मानवी नेगी,अवंतिका रावत,पंखुड़ी सक्सेना,उज्जयवल राना,चंद्र भट्ट आदि शामिल हैं जबकि कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में शिवांश आर्या,सौम्या भंडारी,लोकिंदर प्रताप,शानू शर्मा,प्रतिष्ठा सैनी ,अनुष्का राणा, विहान दीपक,चैतन्य सिंह राना,विषन सिंह राना,चंदन शर्मा आदि शामिल हैं। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड द्वारा प्रदेश टीम कोच किशन कुमार साना और टीम मैनेजर अंकित सिंह और महिला टीम कोंच सारिका पटेल को नियुक्त किया गया था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, देहरादून और अल्मोडा जनपद के खिलाड़ी शामिल रहे। पिछले 5 वर्षों में सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में प्रदेश का श्रेष्ठ प्रदर्शन है। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड के अध्यक्ष केवल किशन भारती, कोषाध्यक्ष राहुल ने सभी विजेता खिलाड़ियों और मेहनती प्रशिक्षकों और उनके माता पिता को बधाई दी है। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड की अध्यक्ष केवल किशन भारती ने बताया कि अगले वर्ष नवंबर में उत्तराखंड राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना हैं ऐसे में पेंचक सिलाट खेल को उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में शामिल करवाने हेतु प्रदेश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवम् खेल मंत्री रेखा आर्या को पत्र लिखा हैं।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## तीन राज्यों में मोदी मैजिक

तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत अप्रत्याशित नहीं है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा के मजबूत संगठन, बेहतर चुनावी प्रबंधन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मैजिक माना जा रहा है। चुनावी प्रचार में भाजपा ने मध्य प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर को ध्वस्त कर दिया है। चुनाव परिणामों से से पूर्व तमाम एक्जिट पोल्स में भाजपा और कांग्रेस में जबरदस्त टक्कर मानी जा रही थी लेकिन मोदी मैजिक ने कांग्रेस से उसके प्रमुख राज्य राजस्थान के साथ ही छत्तीसगढ़ को भी छीन लिया। कांग्रेस ने भले ही भाजपा के दक्षिण में प्रवेश का एक और प्रयास तेलंगाना में विफल कर दिया। लेकिन इसके साथ राजस्थान व छत्तीसगढ़ गंवाने का सौदा फायदे का तो नहीं लगता। इन नतीजों का असर 2024 के चुनाव में कांग्रेस की संभावनाओं पर निश्चित ही पड़ेगा। इन चुनावों में कांग्रेस तेलंगाना में एक मजबूत क्षेत्रीय पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को हराने में तो सफल रही, लेकिन कुल मिलाकर भाजपा के आगे कमजोर साबित हुई। मध्य प्रदेश में कांग्रेस प्रतिष्ठान विरोधी नाराजगी का लाभ उठाना तो दूर, भाजपा की झोली में तूफानी जीत डाल गई। दिग्गज नेताओं की गुटबाजी में भाजपा को मौका हाथ लग गया। राजस्थान में जमकर विज्ञापनबाजी, योजनाओं और तोहफों की झड़ी लगाने के बावजूद मतदाताओं का विश्वास अशोक गहलोत नहीं जीत पाए। चुनावी रेवड़ी कल्चर और महज विज्ञापनबाजी से चुनाव नहीं जीते जा सकते। नेतृत्व की विश्वसनीयता भी होनी चाहिए। केंद्रीय नेतृत्व के सहारे भाजपा ने तीनों राज्यों में डबल इंजन की सरकार बनाने में सफलता हासिल की है। गहलोत वहां सचिन पायलट से खींचतान की खाई नहीं पाट सके। चुनावी मैदान में डटे कार्यकर्ताओं के साथ ही मतदाताओं में इसका जो भी संदेश गया, वह नतीजों में साफ दिख गया। राजस्थान के विपरीत मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लाड़ली बहना जैसी योजनाओं को लेकर मतदाताओं में विश्वास पैदा कर गए। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अपना चेहरा नहीं बनाया, लेकिन वे जीत के शिल्पकार साबित हुए। जीत के बाद चौहान ने श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया। मत फीसद के लिहाज से कांग्रेस को खास नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन ओबीसी, आदिवासी व कुछ अन्य मत आखिरी दौर में भाजपा की ओर मुड़ गए और सीटों के स्तर पर गणित बदल गया। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान– उत्तर भारत के इन तीनों अहम राज्यों में कांग्रेस के नेता अपनी खुमारी में डूबे रहे और भाजपा उनकी नाक के नीचे से फेरबदल करा ले गई। कांग्रेस को मिली हार के सबक सामने हैं। कांग्रेस ने इन चुनावों से पहले जाति जनगणना का मुद्दा जोर–शोर से उठाया। मध्य प्रदेश, राजस्थान और यहां तक कि ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राज्य छत्तीसगढ़ तक में यह दांव नहीं चल सका। राहुल गांधी ने 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा दिया और कांग्रेस पार्टी ने जाति सर्वेक्षण करवाने की गारंटी दी। उत्तर भारत में जाति कड़वी सच्चाई है। राजनीति में जाति की जकड़ तो बहुत मजबूत है। लेकिन चुनाव नतीजों ने बता दिया कि जनता जाति नहीं देखती है जब मोदी का चेहरा नजरों के सामने हो। इन चुनावों के दम पर कांग्रेस विपक्षी गठबंधन में भी अपना सिक्का जमाना चाहती थी। वह साबित करना चाहती थी कि अगर भाजपा का मुकाबला करना है तो वह कांग्रेस ही कर सकती है और कांग्रेस की मदद से ही भाजपा को 2024 में हराया जा सकता है। अब कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी, विपक्षी इंडिया गठबंधन में उन दलों को सहेजना जिनसे उसने इन चुनावों में दूरी बनाई थी। मध्य प्रदेश में कमलनाथ, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और राजस्थान में अशोक गहलोत ही एक तरह से कांग्रेस नेतृत्व बनकर सामने थे। ऐसा लगा नहीं कि राष्ट्रीय स्तर की एक पार्टी चुनाव में उतरी है।जबकि विपक्षी गठबंधन दलों द्वारा जनमुद्दों को उठाने के लिए मजबूत रणनीति बनायी थी। इसके उलट भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चेहरा बनाकर तीनों राज्यों में पेश किया और एक बारि फिर सियासी ध्रुविकरण ने सभी राजनीतिक विश्लेषकों के दावों को भी ध्वस्त कर दिया।

# राष्ट्रवाद और समावेशी विकास के परिणाम

पांच राज्यों में हुए चुनाव में भाजपा की बड़ी विजय को मोदी का जादू और लाडली बहनों के आशीर्वाद का परिणाम माना जा रहा है। इसे 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का सेमिफाइनल भी कहा जा रहा है। जो भी कह लें यह परिणाम प्रखर राष्ट्रवाद और समावेशी विकास के पर्याय हैं। मतदाताओं के बड़े समूह ने साफ जता दिया है कि वे जाति और धर्म की नकारात्मक राजनीति करने वाले दलों के पक्ष में नहीं है। अतएव उन्हें पनौती जैसे मुद्दे खड़े करने से बाज आना चाहिए। मतदाताओं ने राष्ट्रवाद, सनातन, सुशासन राजनीतिक स्थिरता और ढांचागत विकास के साथ समावेशी विकास के पक्ष में मतदान किया है। जिससे व्यापक राष्ट्रहित के साथ विकास भी सर्वोपरी रहे। मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग और जनजाति बहुल राज्य है, लेकिन उसने कांग्रेस और कथित इंडिया अर्थात आईएनडीआइ, गठबंधन के जातिवार गणना के मुद्दे को सर्वथा नाकार दिया। अब यह मुद्दा लोकसभा चुनाव में इस मुद्दे के जनक रहे नीतिश कुमार के बिहार में भी चलने वाला नहीं है। राहुल गांधी जातीय गणना को लेकर बाग–बाग हो रहे थे। जबकि नरेंद्र मोदी ने बड़ा दांव चलते हुए कह दिया कि मेरी नजर में केवल चार जातियां हैं, गरीब महिला, युवा और किसान। उन्हीं के हितों को सर्वोपरि रखते हुए केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में लोक–कल्याणकारी योजनाएं बनाई जा रही हैं। ये योजनाएं भले ही राजस्व पर असर डाल रही हों, लेकिन गरीबों के जीवन को आसान बनाने में लाभदायी सिद्ध हो रही हैं। यही वजह रही कि मध्यप्रदेश में जिन 1.31 करोड़ लाडली बहनों को जून 2023 से 1000 और फिर 1250 रुपए प्रति माह दिए जा रहे हैं, उनकी बदौलत दीपावली के त्यौहार पर ऐसी रौनक आई कि बाजार गुलजार हो गया। गरीबों को दी गई आर्थिक मदद का यह समावेशी वितरण का कारगर उपाय है। इन्हीं मुद्दों का नतीजा रहा कि चुनाव में मतदान के बढ़े प्रतिशत ने इस बार अब तक के सारे मापदण्ड ध्वस्त कर दिए। हिंदी पट्टी के तीन बड़े राज्य राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की गारंटियों और जाति जनगणना जैसे मुद्दे विफल हो गए। मोदी की गारंटी, डबल इंजन सरकार




और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद जैसे नारों की गूंज ने मतदाता के भीतर विश्वास पैदा किया और भाजपा को मिले जनादेश ने राजस्थान व छत्तीसगढ़ कांग्रेस से छीन लिए। मध्यप्रदेश को न केवल बचाया बल्कि 163 सीटें जीतकर सत्ता संचालन का मार्ग और प्रशस्त कर दिया। तेलंगाना में 9 सीटें तो जीती हीं, मतदान का प्रतिशत 6 से बढ़कर 14 हो गया। भाजपा की इस चौतरफा बढ़त की प्रमुख वजह यह भी रही कि वह युवा और शिक्षित बेरोजगारों को जहां डिजिटलीकरण, कृत्रिम बुद्धिमता और यहां तक की एक दम नए तकनीकि हमले से जुड़े विषय डीपफेक जैसे मुद्दों को उछाल रही थी, वहीं विदेशी शिक्षा प्राप्त राहुल गांधी, अंबानी, अडाणी, पनौती और ओबीसी की गिनती जैसे रूढ़ मुद्दों का ही राग अलापते रह गए। युवा पीढ़ी को बेहतर भविष्य की राह दिखाने का उनके पास कोई पाठ ही नहीं था। मोदी के इसी संवाद का कारण रहा कि युवा भाजपा की झोली में जाता दिखा। मध्यप्रदेश में लाडली बहनों के मन में जहां शिवराज भैया रहे, वहीं अन्य मतदाताओं के मन में मोदी का जादू रहा। जिसने सत्ता की कठिन डगर को सरल कर दिया। लाडली बहनों के वोट 2 प्रतिशत बढ़े वोटों ने भाजपा को फिर से सत्ता की चाबी सौंप दी। इस बार प्रदेश में कुल 77.15 फीसदी हुए मतदान में महिलाओं ने 76.3 प्रतिशत मतदान की आहूति दी। शिवराज ने इसी साल फरवरी में लाडली बहना योजना की थी। इसके बाद अत्यंत फुर्ति से इस योजना की कागजी कार्यवाही पूरी करके इसे 10 जून से खाते में डालने का काम भी शुरू कर दिया। पहले माह 1000 रुपए डाले गए बाद में इसे बढ़ाकर 1250 रुपए प्रतिमाह कर दिया। प्रदेश के इतिहास में यह सबसे तेजी से प्रचलन में आकर लोकप्रिय होने वाली योजना रही। शिवराज ने इसे बढ़ाकर 3000 रुपए कर देने का भरोसा देकर बहनों का समूचा समर्थन पाने का मार्ग खोल दिया। बहनों ने भैया पर भरोसा किया और अपने मत की सौगात देकर भाजपा को भारी बहुमत से अलंकृत कर दिया। जबकि कांग्रेस अति आत्मविश्वास के भ्रम में डूबी रह गई। अन्यथा कमलनाथ को एक अच्छा अवसर सत्तारुढ़ होने का मिला था, जिसमें वे चुक गए। अपने पक्ष में माहौल देख चुनाव के एन वक्त पर कांग्रेस हाथ पे हाथ धरे बैठी रह गई। दिग्विजय सिंह ने जरूर चुनिंदा सीटों पर दौरे किए और प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाया, लेकिन ज्यादातर प्रत्याशी अपने ही संसाधनों से सोसल मीडिया पर इकलौते लड़ते दिखाई दिए। उन्हें संगठन की कोई ठोस मदद नहीं मिली। नतीजतन कांग्रेस 66 सीटों पर सिमट गई। 2003 में जब उमा भारती ने मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को बंटाढार कहते हुए सत्ता से बेदखल किया था, तब भी कांग्रेस की 73 सीटें आई थीं। अलबत्ता भाजपा ने संघ और संगठन से लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इन चुनाव परिणामों के यूं तो कई संदेश हैं, लेकिन जो सबसे बड़ा संदेश तीनों राज्यों की बड़ी जीत में अंतर्निहित है, उसने साफ कर दिया है कि भाजपा की यह जीत किसी एक जाति, धर्म और धुव्रीकरण की नहीं है, बल्कि सकारात्मकता की है। चुनावी विश्लेशक खासातौर से मध्यप्रदेश में बढ़े मतदान को सत्ता विरोधी रुझान का पर्याय बता रहे थे, जबकि वह सत्ता की रचनात्मकता का सुखद पर्याय बनकर सामने आया है। यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। हालांकि फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालांतर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि जब मतदान का प्रतिशत 75 से 85 होने लगता हैं, तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत नगण्य हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति शून्य हो जाती है। कालांतर में यह स्थिति मतदाता को धन व शराब के लालच से भी मुक्त कर देगी। क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होता है ? यही वजह रही कि भाजपा ने मध्यप्रदेश में तो लगातार पाचवीं बार बड़ी जीत हासिल की ही, कांग्रेस से राजस्थान और छत्तीसगढ़ छीनने में भी सफल रही। इन तीनों राज्यों में आदिवासी मतदाताओं के बड़े समूह भाजपा के पक्ष में जाते दिखे हैं और जिस अनुसूचित जाति के मतदाता को बसपा का प्रतिबद्ध मत माना जाता था, वह भी भाजपा की तरफ उन्मुख हुआ है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश में आप, सपा और बसपा एक भी सीट जीतने में सफल नहीं रही हैं। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले की सैलाना सीट से जरूर 'भारत आदिवासी पार्टी' के कमलेश्वर डोडियार जीतने में सफल हुए हैं। इस बार प्रदेश में कोई निर्दलीय प्रत्याशी भी जीतने में सफल नहीं हुआ है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी कमोवेश यही स्थिति रही है। मतदाता की यह जागरूकता जताती है कि वह अब समावेशी विकास और राष्ट्रवादी अवधारणा का पक्षधर बन रहा है।

**–प्रमोद भार्गव,लेखक, साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार है।**

# एसएसपी ने दिये अपराधों पर अंकुश के लिए सख्त निर्देश

## सड़क दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों का चिन्हिकरण कर पुलिस कर्मियों को नियुक्त किया जाए

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु ने पुलिस लाईन अल्मोड़ा के सभागार में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ क्राईम मीटिंग व पुलिस कर्मचारियों का सम्मेलन आयोजित किया।अपराध गोष्ठी में सर्वप्रथम नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को अवगत कराया गया तथा उनके निर्देशानुसार सकारात्मक दृष्टिकोण एवं मनोभाव के साथ एक टीम के रुप में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। एसएसपी ने कहा कि जमानत एवं पेरोल पर आये अभियुक्तों की निगरानी और उनकी गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखें, एनडीपीएस एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्तों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्ति की जब्तीकरण की कार्यवाही और गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत जिला बदर की कार्यवाही बढ़ायी जाए, सड़क दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों का चिन्हिकरण करते हुए उन स्थानों पर रोड साइनेंज और पुलिस कर्मियों को नियुक्त कियाजाए, निरोधात्मक कार्यवाहियां प्रोएक्टिव पुलिसिंग को दर्शाती है, सभी थाना प्रभारी इस पर विशेष फोकस करें। एसएसपी द्वारा सभी अधिकारियों को उक्त दिशा–निर्देशों का



कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। क्राइम मीटिंग में जनपद के समस्त थानों में दर्ज अपराधों अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही एवं अपराधों के निस्तारण लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गयी। सम्बंधित सर्किल सीओ व थाना प्रभारियों को लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। न्यायालय में अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए गुणवत्तापूर्ण विवेचना किये जाने हेतु उपस्थित विवेचकों का मार्गदर्शन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। लम्बित आनलाईन ऑफलाईन शिकायतों का निस्तारण, लम्बित माल मुकदमाती के निस्तारण, समननोटिस व वारंटों की शत प्रतिशत तामीली, नशे के विरुद्ध प्रचलित अभियान में मादक पदार्थों की तस्करीबिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही, होटल/ढाबा, होमस्टे, स्पाँ सेंटर आदि की औचक चेकिंग, अपराधों की रोकथाम हेतु निरोधात्मक कार्यवाही जनजागरुकता, नाबालिगों महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्यवाही, अभियोगों में वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, साईबर फ्रॉड से सम्बन्धित मामलों में शीघ्र कार्यवाही हेतु सख्त निर्देश दिए गये सभी अधिकारीकर्मचारी ग्राउण्ड लेवल पर एक्टिव पुलिसिंग को दर्शाते हुए धैर्य एवं विवेक से कार्य करें तथा जनता के साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार रखे। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत सभी अपने–अपने थाना क्षेत्रांतर्गत एंटी सोशल एलीमैंटस की निरन्तर निगरानी करते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्यवाही करें। न्यू ईयर ट्रैफिक प्लान डिस्कस आगामी नववर्ष में जनपद में पर्यटकों के अधिक आगमन के दृष्टिगत सुव्यवस्थित यातायात हेतु उपस्थित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। इस हेतु ट्रैफिक प्लान तैयार किया जायेगा, जिससे पर्यटकों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। अपराध गोष्ठी में सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, सीएफओ नरेन्द्र कुंवर, प्रभारी ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी बिन्देश्वरी प्रसाद टम्टा, प्रतिसार निरीक्षक जितेन्द्र पाठक,प्रभारी साईबर सेल निरीक्षक अजय लाल साह, वाचक निरीक्षक अशोक धनकड़, निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया, निरीक्षक एलआईयू कमल पाठक, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेमचन्द्र पंत, प्रभारी निरीक्षक थाना द्वाराहाट राजेश कुमार यादव, निरीक्षक राजेश जोशी, एसडीआरएफ सहित जनपद के सभी थानाएसओजी एवं शाखा प्रभारी व अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने आयोजित किया रात्रि भोज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने कर्मचारियों व अधिकारियों के बीच आपसी तालमेल बढ़ाने के लिए रात्र भोज भोज का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के साथ भोजन करते हुए टीम वर्क पर जोर दिया। बता दें कुछ माह से पुलिस कर्मियों को लगातार ड्यूटी में नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लगातार ड्यूटी रहने से अधिकारी व कर्मचारी गण के बीच आपसी वार्ता कम हुई। अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच आपसी सामंजस्य व तालमेल और अधिक बढ़ाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजुनाथ टी सी ने



समस्त थाना प्रभारियों के लिए थाने में रात्रि भोज का आयोजन किया। संबंधित अधिकारियों को रात्रि भोज में सम्मिलित होने और कर्मचारियों के बीच बैठकर भोजन करने हेतु निर्देशित किया गया था। एसएसपी के आदेशानुसार समस्त थानों व पुलिस लाईन में बड़े भोज का आयोजन किया गया। एसएसपी ने स्वयं भी पुलिस लाईन में पुलिस कर्मियों के साथ भोजन किया गया। अपने बीच एसएसपी को पाकर सभी पुलिसकर्मी काफी खुश नजर आये व सभी पुलिस कर्मियों ने एसएसपी का आभार जताया।

# पूर्व सूबेदार त्रिलोक सिंह पानू का निधन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। गोविंदपुर निवासी पूर्व सूबेदार त्रिलोक सिंह पानू का निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। 91 वर्षीय सूबेदार पानू कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर व्यापारियों द्वारा शोक व्यक्त किया गया। शोक व्यक्त करने में डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, इंद्र सिंह राठौड़, तरुण दुबे, संजीव गुप्ता, चंदन सिंह पानू, आनंद सिंह पानू, हरीश छाबड़ा ,विजय कुमार, अमित कुमार गुप्ता, मोहन पवार, बिजेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

# दुकान का शटर तोड़कर हजारों की चोरी

## बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में आधी रात को अज्ञात चोरों ने एक परचून की दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर रखा गल्ला उड़ा दिया। चोरी गए गल्ले में



हजारों की नगदी के अलावा जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना का संज्ञान लेते हुए चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कटरा मालियान निवासी राजकुमार प्रजापति ने बताया कि घर में ही आरके किराना एंड डिस्पोजल स्टोर के नाम से उनकी परचूनी की दुकान है। जबकि परिवार ढकिया गुलाबो रोड छीना फॉर्म स्थित दूसरे मकान में निवास करता है। घटना के बारे में शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रोजाना की भांति लगभग 9 बजे रात्रि को जब वह दुकान बंद कर घर चले गए इसी दौरान देर रात्रि घात लगाए अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर रखा गल्ला चोरी कर लिया। गल्ले में लगभग 5000 रुपए की नगदी के अलावा बैंक की तीन एफडी, पोस्ट ऑफिस की आरडी, गैस की किताब, राशन कार्ड की कॉपी के अलावा तमाम जरूरी दस्तावेज थे। रात्रि लगभग 2:30 बजे आहट होने पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना दुकान स्वामी को मोबाइल फोन से दी। घटना संज्ञान में आने पर पुलिस ने आसपास के लोगों से जरूरी पूछताछ करने के बाद चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है। घनी आबादी के बीच सनसनीखेज तरीके से घटित हुई चोरी की घटना ने आसपास के लोगों को भय के साए में जीवन जीने को विवश कर दिया है। माना जा रहा है कि चोरी की घटना को अंजाम देने वाला शख्स कोई बाहर का नहीं है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को यदि बारीकी से खंगाल गया तो चोर कानून की गिरफ्त में होगा।

# ठेली व्यवसायी पर चाकू से हमला करने वाले तीन यूवकों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को चाकू मारकर घायल करने वाले 3 व्यक्तियों को काठगोदाम पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। बता दें थाना काठगोदाम क्षेत्र में एक दिसम्बर को सागर रत्ना रेस्टॉरेंट के सामने खाने- पीने की दुकान पर रात्रि करीब 09:15 बजे पैसों के लेने देन को लेकर हुई मारपीट झगड़े में 3 व्यक्तियों द्वारा दुकान स्वामी के पति विक्रम कुमार को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसको तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया गया था। घटनाक्रम में दो दिसम्बर को घायल की पत्नी की तहरीर पर पंकज, विक्की, पवन आदि के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी पंकज जोशी पुत्र



जगदीश चंद्र जोशी निवासी गायत्री नगर कैनाल रॉड काठगोदाम ,विजय कुमार उर्फ विक्की पुत्र हरि किशन आर्य निवासी टंगर ब्युराखाम काठगोदाम ,पवन कुमार पुत्र सुखपाल निवासी शीशमहल बस्ती काठगोदाम को गैस गोदाम रोड शीशमहल काठगोदाम से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तगणों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही करते हुए तीनों को मा0 न्या0 के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक महेंद्र राज सिंह ,उपनिरीक्षक फिरोज आलम ,राजवीर सिंह नेगी, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, योगेश कुमार आदि शामिल थे।

# श्री गुरूनानक दरबार में आयोजित हुआ गुरमत समागम

गदरपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार ग्राम महतोष में श्री गुरु नानक देव जयंती पर्व बड़ी श्रद्धा भावना से मनाया गया । समागम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज वाणी के पाठ के साथ किया गया रागी भाई अशोक सिंह,मंगल सिंह एवं बेअंत सिंह द्वारा जित्थे बाबा पैर धरे पूजा आसन थापन सोया, कल तारण गुरु नानक आया,जिती नौखंड मेदनी सतनाम दा चक्र चलाया' गायन करके संगत को गुरु उपदेश दिया पश्चात कथा वाचक भाई राजेंद्र सिंघ एवं प्रचारक देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु नानक देव जी के जीवन एवं उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संगत को आह्वान किया। ग्राम अलख देवा निवासी कवित्री सरबजीत कौर सरब ने गुरु नानक देव जी के जीवन एवं आदर्शों पर आधारित कविता गायन करके संगत को शुभकामनाएं प्रदान की संगत द्वाराष्‍बोले सो निहाल सत श्री अकालष्‍के जयकारे लगाकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब के मुख्य प्रबंध



क स, बलकार सिंह ,कृपाल सिंह एवं नौनिहाल सिंह द्वारा वक्ताओं के अलावा गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज के मुख्य सेवादार बाबा अनूप सिंह कार्यक्रम संचालक सरदार प्रीतम सिंह चावला,नरेंद्र सिंह ग्रोवर एवं ग्रंथी भाई कृपाल सिंह को सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। सरदार बलकार सिंह ने बताया कि हर वर्ष 3 दिसंबर को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा अपने पिता स्व. राम सिंह गुंबर, माता स्व. हूकम कौर के अलावा अपनी पत्नी स्व. इंद्र कौर की अंतिम इच्छा के अनुरूप गुरुद्वारा साहिब की सेवा के लिए तन मन से समर्पण किया है ।सर्वत्र सुख शांति की सामूहिक अरदास के उपरांत गुरु का लंगर अटूट बांटा गया। इस अवसर पर बाबा जसवंत सिंह, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, प्रीत ग्रोवर ,राजेश डाबर,अरविंद गंगवार ,गुरदीप सिंह, जरनैल सिंह काली ,बाबा कृपाल सिंह, राजेंद्र सिंह मक्कड़, हजूर सिंह, गुरप्रीत सिंह, सतपाल सिंह, गुरमुख सिंह ,संता सिंह, बरीत सिंह, महेंद्र सिंह ,दिलीप सिंह ,उज्जवल सिंह, जोगेंद्र सिंह ,मुख्तियार सिंह, सुरजीत कौर, हरभजन कौर, हरमीत कौर ,हरजीत कौर, चरणजीत कौर ,जसवीर कौर, गगनदीप कौर, कवलजीत कौर, आरती चौरसिया , अंजलि ,शिवा, काजल आदि कार्यक्रम में शामिल थे।

# अधिवक्ता दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी

काशीपुर(उद संवाददाता)। अधिवक्ताओं द्वारा अधिवक्ता दिवस पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अपने उद्बोधन में वरिष्ठ अधिवक्ता उत्तराखंड रत्न से सम्मानित शैलेन्द्र कुमार मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ता समाज की रीढ़ है और भारत वर्ष की सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक,शैक्षिक नीतियों में अधिवक्ता का विशेष योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर न्याय के मंदिर से समाज के लिए न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्व पूर्ण भूमिका रही है। इसी तरह अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने उद्बोधन में कहा कि अधिवक्ता



समाज को न्याय दिलाकर एक ऐसे समाज को पुनर्जीवित करता है जिसे सामाजिक रूप से वहिष्कृत किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद व भारत रत्न डॉक्टर बी आर अम्बेडकर को याद कर भारत के संविधान पर अपने विचार रखें। इस मौके पर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, भास्कर त्यागी, देवांग मिश्रा, सैय्यद आसिफ अल ,रईस अहमद, मुमताज खान, अंकित चौधरी, सैयद इफरा, अमृत पाल सिंह, नवजोत सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# शराब तस्करी और सट्टेबाजी में तीन गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो शराब तस्करों और एक सटोरिये को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक फाजलपुर महरोला क्षेत्र में बाईक पर शराब तस्करी करके ले जा रहे कुलवन्त सिंह पुत्र बख्तावर सिंह निवासी फाजलपुर महरौला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी सुक्खा सिंह मौके से फरार हो गया। पकड़े गये आरोपी के कब्जे से 80 पाउच अवैध शराब बरामद की गयी। वहीं अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस ने ग्राम बिन्दुखेड़ा के पास डिमरी नदी पर अवैध शराब की भट्टी पर दबिश देकर 70 लीटर अवैध शराब खाम और शराब बनाने के उपकरण बरामद किये। मौके पर हजारों लीटर लाहन भी नष्ट किया गया।पुलिस ने मौके से गुरमुख सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने शिावनगर तिराहेके पास पुलिस ने सट्टे की खाई बड़ी कर रहे सतोवाल मण्डल पुत्र कार्तिक मण्डल निवासी वार्ड नं. 11 संजयनगर खेड़ा को गिर“तार कर लिया। उसके पास से एक हजार रूपये की नगदी और पेन पर्ची आदि बरामद किये गये।

## पेज एक का शेष...

**पुण्यतिथि पर ...**छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अंग्रेजों के विरुद्ध छात्र क्रांति का नेतृत्व किया, 1949 में तत्कालीन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आह्वान पर नैनीताल के तराई में भारत-पाकिस्तान के विभाजन से आए हिंदू, सिख परिवारों एवं उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को बसाने का कार्य किया तथा सन 1978 में उनकी मृत्यु के पश्चात पंडित राम सुमेर शुक्ल की राष्ट्र भक्ति एवं देशप्रेम के कारण स्वतंत्रता सेनानीयो की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायन दत्त तिवारी ने रुद्रपुर में उनके आदमकद प्रतिमा स्थपित की जिसका अनावरण तत्कालीन मुख्यमंत्री भुवन चंद खंडूरी ने किया। उनकी स्मृति मे मार्ग का नाम, राजकीय इंटर कॉलेज का नाम तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर का नाम तत्कालीन प्रदेश सरकार ने रखा।राम सुमेर शुक्ला स्मृति राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉक्टर केदार सिंह शाही, प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, प्रदेश सहसंयोजक भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ भारत भूषण चुघ, पंडित राम सुमेर शुक्ल स्मृति न्यास के अध्यक्ष दिनेश शुक्ला, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, भाजपा जिला संयोजक आईटी प्रकोष्ठ मोहन तिवारी ने मेडिकल कॉलेज के स्टाफ के साथ पंडित राम सुमेर शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पंडित राम सुमेर शुक्ला राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्व0 पंडित राम सुमेर शुक्ल की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विद्यालय की प्रधानाचार्य महिमा जोशी के साथ किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी स्वर्गीय पंडित राम सुमेर शुक्ल जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में इस अनिल चौहान, धर्मराज जायसवाल, बलजीत गाबा, राम प्रकाश गुप्ता, अजीत पाठक, अनुज पाठक, कृष्णा कान्हा तिवारी, ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, अजय साहनी, वीरेंद्र यादव, धीरज सिंह, संजय ठुकराल, इफ्तार मियां, गोल्डी गोरिया, संदीप अरोड़ा, दीपक मिश्रा, सुनील शुक्ला, शेर सिंह, महेंद्र पाल, चंद्रसेन कोली, संगीता शुक्ला, शशि शुक्ला, फरजाना बेगम, सुरेंद्र चौधरी, अरुण दीक्षित, पिंकी डिमरी, दीपा राय, आरती दुबे, लता सिंह, हीरा सरकार, मुकेश कोहली, राजेश कुमार कोहली, आशीष शुक्ला, मनीष शुक्ला, सचिन शुक्ला, राजेश तिवारी,अखिलेश यादव, रविकांत वर्मा, घनश्याम पांडे, राम कुमार पांडे, चंदन जायसवाल, दिनेश शर्मा, नीरज खुग्गर, रामू चतुर्वेदी, कविता मान, सुनीता गंगवाल, मधु गुप्ता, करुणा तिवारी, छात्र संघ अध्यक्ष कमलचंद जोशी, पूर्व सचिव रोहित भट्ट, चंदन भट्ट, रामकुमार पांडे, सुरेश पांडे, सुरेश पांडे, शिवम ओझा, मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, सोशल मीडिया प्रभारी पवन दुबे, भारत मिश्रा, नरेंद्र ठकराल, राज गगनेजा, संजीव पांडे, ऋषिकेश सिंह, शिवकुमार यादव, जितेंद्र गौतम, हरेंद्र मान, बृजेश लोध ी, गौरी शंकर समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**मौसेरा भाई निकला..**सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में बेहद गंभीर अवस्था में घायल युवक को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बेहद नाजुक हालत को देखते हुए युवक को वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन गंभीर रूप से घायल अमित की इस दौरान मौत हो गई थी। मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। सनसनीखेज हत्याकांड के खुलासे हेतु के लिए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने जगदीश चन्द्र एसपी क्राइम व हरवंश सिंह एसपी सिटी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण में व मुपेन्द्र सिंह सीओ हल्द्वानी, श्रीमती संगीता सीओ लालकुआ के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया था। एसएसपी नैनीताल प्रहलाद मीणा ने खुलासा करते हुए बताया कि अमित की हत्या उसके मौसेरे भाई ने की थी और फरार हो गया था। गठित पुलिस टीम ने पतारसी सुरागरसी, घटनास्थल व शहर के सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन व मृतक के पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच प्रारम्भ की। पुलिस टीम ने मामले में अरुण कश्यप पुत्र गोपाल कश्यप निवासी देवबन्दु बिहार कत्था फैक्ट्री, रामपुर रोड हल्द्वानी को ग्राम डी क्लास तल्ली हल्द्वानी स्थित हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया कर लिया उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पाटल भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक अमित कश्यप व उसके पिता सुमेर अभियुक्त अरुण कश्यप के मौसेरे भाई व मौसा है तथा अभियुक्त की पत्नी मृतक अमित की सगी साली है। एसएसपी ने बताया कि अरुण कश्यप अपने पिता के लापता होने व भाई की मृत्यु के लिये अपने मौसा के परिवार को जिम्मेदार मानता है साथ ही अपनी पत्नी का अपने जीजा के घर आने-जाने के कारण भी इनके ऊपर शक करता है, साथ ही अपनी हत्या किये जाने का डर भी उसके मन में बना था। जिस कारण उसने योजना बनाई एवं घटना के दिन मंगलपढाव बाजार से पाटल खरीदा और 26 नवम्बर को ठेली पर अंधेरे का फायदा उठाकर पीछे से आकर मौसेरे भाई अमित की पाटल से वार कर निर्मम हत्या कर दी। सनसनी वारदात को अन्जाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने 2,500 रूपये नगद ईनाम से पुरूस्कृत करने की घोषणा की है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हरेन्द्र चौधरी,वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेन्द्र प्रसाद, उपनिरीक्षक सुशील जोशी, उपनिरीक्षक विजय मेहता, जगदीप नेगी चौकी, उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

**विरोध करने वाली...**स्थानों पर शराब पकड़ी। कुछ दिन मामला शांत रहने के बाद अब शराब कारोबारियों के हौंसले एक बार फिर बुलंद हो गये हैं। बताया जा रहा है कि अवैध शराब के खिलाफ आवाज उठाने वाली महिलाओं को धमकियां दी जा रही है। इसके विरोध में सोमवार को दर्जनों महिलाओं ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और एसएसपी के नाम ज्ञापन देकर शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। महिलाओं का कहना था कि आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में फिर से अवैध शराब का कारोबार फलने फूलने लगा है, इसके साथ ही स्मैक, नशे की दवाईयां और इंजेक्शन आदि भी बेचे जा रहे हैं जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं का कहना था कि नशा माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की गयी है जिसके चलते उनके हौंसले फिर से बुलंद हो गये हैं। महिलाओं ने कहा कि आदर्श इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र के अवैध नशे का कारोबार बंद नहीं हुआ तो महिलाओं को मजबूरन यहां की कानून व्यवस्था खुद अपने हाथ में लेनी पड़ेगी। महिलाओं ने कहा कि पुलिस भी अब महिलाओं का सहयोग नहीं कर रही। जिसके चलते महिलाओं में भय का माहौल हैं महिलाओं के साथ कोई घटना होती है तो इसके लिए पुलिस जिम्मेवार होगी। महिलाओं का कहना था कि नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठझेर कार्रवाई करने के साथ ही हर हफ्ते इसकी समीक्ष्ज्ञा की जाये और महिला कमेटी के साथ तालमेल बैठाया जाये। प्रदर्शन में गीता, कंचन, कुसुम, पूनम, विमा, सुमित्रा, रीना, सरस्वती, रीना बैरागी, रेनू मण्डल, सुनीता विश्वास, संजना विश्वास, गीता पाल,सुमित्रा राय, माया पाल, पुष्पा सरकार, सुमाता अधिकारी, पूर्णिमा मलिक, सुनीता आदि सहित तमाम महिलाएं थी।

**पेराई सत्र शुरू...**विलंब होना मिल प्रबंधन तंत्र की अदूरदर्शिता का परिणाम है। किसानों ने चेतावनी दी है की मिल सुचारू रूप से नहीं चली तो प्रबंधन तंत्र के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। उधर मिलकर अधिशासी निदेशक त्रिलोक से मार्तोलिया का कहना है कि लिक के बायलर की एक दीवार का मरम्मत का कार्य चल रहा था तथा और निकासी के पाइपों की डक्टिंग का काम भी चल रहा था जिस वजह से चीनी मिल के पेराई सत्र का प्रारंभ कुछ विलंब से हुआ है। उन्होंने कहा कि आगामी 6 दिसंबर को चीनी मिल का पेराई सत्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में मिलकर बॉयलर को चालू कर मिल के सभी प्रक्रियाओं को जांच पर रख लिया है तथा 6 दिसंबर के मिल का प्राइस सत्र प्रारंभ होते ही किसानों का संपूर्ण गन्ना मिल में आना शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से किसान बलविंदर सिंह, जसवंत सिंह, दिलीप सिंह बिष्ट, ताहिर मलिक, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, संजीव कुमार सिंह, के साथ अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मार्तोलिया मौजूद थे।

**रामनगर में दो पक्षों के ...** पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। सोमवार को इस मामले में जानकारी देते हुए एसपी क्राइम डॉक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि इस गांव में कल रात दो पक्षों के बीच पुराने विवाद को लेकर मारपीट हुई थी उन्होंने बताया कि इस मामले में एक पक्ष की ओर से तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की अशांति ना हो इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है । उन्होंने मामले को सांप्रदायिक बताने से इंकार किया है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सितारगंज में स्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन का किया उद्घाटन





## क्षेत्र के विकास में स्वास्थ्य सेवा एवं शिक्षा बेहतर करना प्राथमिकता : बहुगुणा

सितारगंज(उद संवाददाता)। सितारगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन का कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा एवं बालाजी कंपनी के अध्यक्ष एनके अग्रवाल ने उद्घाटन कर सितारगंज क्षेत्र के जनता को सौगात देते हुए स्वास्थ्य सेवाएं संचालित कराई। क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सितारगंज क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं उच्च कोटि का बनाने के लिए, लगभग 3 वर्ष पूर्व बालाजी कंपनी के चेयरमैन एन के अग्रवाल के समक्ष भव्य अस्पताल निर्माण का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद कंपनी प्रबंधन ने लगभग 5 करोड रुपए लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट ही स्थित भूमि पर भव्य भवन का निर्माण करवा दिया। रविवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, बालाजी कंपनी के चेयरमैन एन के अग्रवाल ने संयुक्त रूप से हवन पूजन कर भव्य भवन का शुभारंभ कर चिकित्सा सेवाएं संचालित कराई। इस दौरान सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सितारगंज विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना उनका लक्ष्य है। पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए स्वास्थ्य सेवा एवं शिक्षा प्रमुख है। दोनों ही क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने कार्यकाल में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि सितारगंज में डिग्री कॉलेज की स्थापना कर युवाओं को सौगात दी। अब स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकरण कर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक और सौगात दी। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, राज्य हज समिति अध्यक्ष खतीब अहमद, मंडी समिति अध्यक्ष अमरजीत कटवाल, ब्लॉक प्रमुख पति पलविंदर सिंह औलख, उप जिला चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर अभिलाष पांडे, बालाजी एक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के विवेक जैन, बीपी जैन, ए के सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, उमेश त्यागी, वरुण कुमार, सिडकुल संगठन के अध्यक्ष कृष्णा सत्यवाली, योगेंद्र सिंह रावत, राजू डसीला, विष्णु प्रमाणिक, उपकार सिंह बल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, रवि रस्तोगी, सरदार लक्खा सिंह, राकेश त्यागी, दिनेश भट्ट, विशन जोशी, संजय गोयल, पंकज गहतोड़ी, मुकेश सनवाल, दीपक गुप्ता, भोला जोशी, समेत सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद थे।

## क्षेत्र की जनता से दिल का है रिश्ता

सितारगंज। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लोगों से राजनीतिक नहीं अपितु दिल का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि सितारगंज को स्वास्थ्य, रोजगार, यातायात, सड़क आदि की सुविधाजनक योजनाओं से लैस किया जा रहा है। क्षेत्र का चौमुखी विकास किया जा रहा है। अब सितारगंज में बेहतर चिकित्सा, बेहतर शिक्षा एवं बेहतर सड़कों के साथ-साथ बेहतर रोडवेज स्टेशन भी उपलब्ध है। रोजगार के लिए उद्यमी सितारगंज क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं। जिससे युवाओं को रोजगार मिल सकेगी।

## बालाजी कंपनी का जताया आभार

सितारगंज। कैबिनेट मंत्री ने उप जिला चिकित्सालय के लिए सितारगंज में भव्य भवन निर्माण कराए जाने के चलते, बालाजी कंपनी प्रबंधन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में एक्स-रे मशीन उपलब्ध है, परंतु अब बालाजी एक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने सरकारी अस्पताल को, अल्ट्रासाउंड मशीन भी प्रदान की है।इसके लिए उन्होंने कंपनी प्रबंधन का आभार जताया।

# भाजपाईयों ने मिष्ठान वितरण कर मनाई खुशियां

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष जीवन धामी के नेतृत्व में तीन राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय



जनता पार्टी के पूर्ण बहुमत से चुनाव जीतने पर मुख्य चौक पर आतिशबाजी की एवं मिष्ठान वितरण किया। जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी अमित शाह जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नारे लगाए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दान सिंह रावत ने कहा कि तीन राज्यों में एक तरफा जीत साबित करती है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की विकास की नीतियों सेखुश है एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 400 सीटे जितने का लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल होने वाला है। हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव के नतीजे लोकसभा एवं आने वाले नगर पालिका चुनाव की जीत का संकेत है पूरी भारतीय जनता पार्टी एकजुट होकर आने वाले चुनाव में इससे भी अच्छा प्रदर्शन करने वाली है भारतीय जनता पार्टी की जीत की जनता को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी तरह विश्वास है एवं यह संकेत देश के विश्व गुरु बनने के संकेत की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर मंडी समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह खड़ायत, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, गोपाल बोरा, अमित कुमार पांडे, रमेश जोशी, किशन सिंह किन्ना, विमला मंडेला, रेनू भंडारी, धना भण्डारी, संजीव बत्रा, कामिल खान, ताहिर मलिक, दीपक तिवारी, मनोज कश्यप, मुकेश रोहेला, संजीव सक्सेना,राहुल सक्सेना, नवीन बोरा,नीरज रस्तोगी, एडवोकेट विशाल, राजू कोरिया, सुरेश जीना, गौरव सोनकर, मनोज श्रीवास्तव, हाफिजुर रहमान, संदीप भारती, संतोष गौरव, नवल वाल्मीकि, सचिन रस्तोगी, किशन बिष्ट आदि उपस्थित थे।






# बीआरसी में मनाया विश्व दिव्यांग दिवस उत्सव

काशीपुर (उद संवाददाता)। रविवार को अनमोल फाउंडेशन काशीपुर संस्था द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र उधम सिंह नगर के द्वारा समाज कल्याण विभाग उधम सिंह नगर के सहयोग से बीआरसी काशीपुर में विश्व दिव्यांग दिवस का उत्सव मनाया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अमन अनिरुद्ध जिला समाज कल्याण अधिकारी उधम सिंह नगर,आर एस नेगी खंड शिक्षा अधिकारी काशीपुर, श्रीमती मीनाक्षी चौहान मुख्य ट्रस्टी अनमोल फाउंडेशन श्रीमती निशा सिंह प्रबंधक विवेकानंद इंटर कॉलेजऔर सतीश कुमार चौहान नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम कविताएं आदि प्रस्तुत की सजिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध जी ने बताया कि दिव्यांग जनों के लिए समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांग पेंशन आदि दी जा रही हैं। दिव्यांग जनों के उत्साहवर्धन के लिए अनमोल



फाउंडेशन द्वारा ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जा रहे हैं यह सराहनीय कार्य है। आरएस नेगी खंड शिक्षा अधिकारी काशीपुर ने दिव्यांग बच्चों के लिए किए गए कार्य के लिए अनमोल फाउंडेशन के परिवार और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी कि आपके द्वारा दिव्यांग बच्चों का सार्वभौमिक विकास किया जा रहा है। इस मौके पर सतीश कुमार चौहान नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र उधम सिंह नगर द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की जागरूकता के बारे में जानकारी दी और बताया कि जिन दिव्यांग जनों के यूडीआईडी कार्ड नहीं बने हैं वह संपर्क कर सकते हैं। मंच का संचालन पीसी जोशी पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं मुख्य सलाहकार अनमोल फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस मौके पर मोहम्मद यासीन समा ,पिंकी चौहान इकरार अहमद गगनदीप और कुछ दिव्यांग बच्चों के माता-पिता को सम्मानित किया गया साथ ही सभी दिव्यांग बच्चों को समाज कल्याण विभाग के सहयोग से स्कूल बैग वितरित किए गए। साथ ही समाज कल्याण विभाग के सहयोग से सभी दिव्यांग ऑन और उनके माता-पिता के लिए भोजन की व्यवस्था की गई । इस मौके पर डॉ प्रशांत सिंह श्रीमती मीरा सिंह, श्रीमती रेखा बेलवाल श्रीमती रूपा शर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन से सुनील और दिव्यांग बच्चों के माता-पिता उपस्थित रहे।



# अवैध रूप से संचालित अस्पताल किया सील

गदरपुर(उद संवाददाता)। रविवार सुबह उस समय क्षेत्र के अस्पतालों में हड़कंप मच गया जब अचानक एडीएम जय भारत सिंह द्वारा एसीएमओ डॉ राजेश आर्य, डॉ विवेक, नायब तहसीलदार एवं पुलिस टीम के साथ मुख्य मार्ग स्थित बेबी हॉस्पिटल पर छापा मारा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मो0 शमी निवासी बाजपुर जिला ऊधम सिंह नगर द्वारा क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर सरकारी अस्पताल के पास बिना रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस के एक निजी अस्पताल व मेडिकल संचालित किया जा रहा था। कई



बार इस हॉस्पिटल की शिकायतें मिलने के बाद रविवार सुबह एडीएम द्वारा पुलिस टीम के साथ हॉस्पिटल में छापा मारा गया जहां मौके पर कोई डॉक्टर व नर्स नही पायी गई साथ ही अनेकों अनियमिताएं पाई गई जब अस्पताल के संचालक मो0 शमी से रजिस्ट्रेशन व मेडिकल के लाइसेंस दिखाने की बात कही तो वह मौके पर कुछ नही दिखा पाया अस्पताल संचालक का कहना है कि रजिस्ट्रेशन की फाइल लगा रखी है, मौके पर एक मरीज भी भर्ती पाया गया जिसे ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा था। इस दौरान एडीएम के आदेश पर बेबी अस्पताल व मेडिकल को सील कर दिया गया।